**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 737**

**16 अगस्त, 2012 को उत्तर के लिए**

**इस्पात की घरेलू मांग**

737. श्री सी.एम. रमेश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में इस्पात की निरंतर बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने की स्थिति में है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) और (ख): उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2011-12 के दौरान 73.42 मिलियन टन फिनिश्ड स्टील के उत्पादन की तुलना में इसकी वास्तविक खपत 70.92 मिलियन टन होने का अनुमान है। इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। इसीलिए फिनिश्ड स्टील की घरेलू आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने अथवा अन्य विषमता को दूर करने के लिए फिनिश्ड स्टील के आयात/निर्यात की भी मंजूरी दी गई है।

***********